-:प्रेस नोटदिनांक 22-04.2021:-

थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

थाना फरीदपुर जनपद बरेली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता साहिस्ता उर्फ साइस्ता पत्नी वाजिद उर्फ खन्ना नि0 ग्राम पढेरा थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली को मय 260 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 35 लाख रुपये) व स्मैक बिक्री से प्राप्त नकद 7,13,300/- (7 लाख तैरह हजार तीन सो रुपये) सहित किया गया गिरफ्तार।

आज दिनांक 22/04/2021 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के निर्देशन में, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी फरीदपुर महोदय के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा निकट समय में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव के कारण थाना क्षेत्र में कसीदगी के कारण कानून एंव शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिकोण से थाना फरीदपुर पुलिस टीम थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखने हेतु गश्त में मामूर थी, जब पुलिस टीम गश्त करते हुए रम्पुरिया पुलिया के पास पहुची तो पुलिया के पास बने यात्री प्रतीक्षालय के पास एक महिला दिखाई दी जो कि पुलिस की गाडी को अचानक देखकर सकपका कर यात्री प्रतीक्षालय के पीछे छिपने लगी लगी। पुलिस टीम को छिपने वाली उक्त महिला पर शक होने पर गाडी रोककर गाडी से उतर कर उक्त महिला से छिपने का कारण पूछा तो उक्त महिला पुलिस टीम को इधर उधर की बाते कर भ्रमित करने लगी महिला से शक्ति से पूछताछ करने पर महिला ने अपने पास नाजायज स्मैक और स्मैक बिक्री के नगद रूपये होना बताया और बताया कि मैं अपने पति का इंतजार कर रही हूँ। महिला उ0नि0 मोनिका यादव द्वारा उक्त महिला का नाम पता पूछा गया तो इसने अपना नाम साहिस्ता पत्नी वाजिद उर्फ खन्ना नि0 ग्राम पढेरा थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली बताया एंव बताया कि मै एक ग्राहक को स्मैक देकर/बेचकर आई हूँ और कुछ मेरे पास स्मैक बची हुई है मेरे पास स्मैक बिक्री के 7,13,300/- रूपये नगद है,मेरे पति मोटरसाइकिल लेकर घर से आने वाले है इसीलिए मै इंतजार कर रही थी मैने आपको सही बात बता दी है मुझे माफ कर दो उक्त महिला से जामा तलाशी के लिए धारा 50 NDPS Act के प्रावधानो का पालन करते हुए पूछा गया कि अपनी जामा तलाशी किसी मजिस्ट्रेट या राजपत्रित अधिकारी के समक्ष देना चाहती है तो बताया कि मुझे आप लोगो पर पूरा विश्वास है। आप ही मेरी तलाशी ले लो। उक्त महिला की जामा तलाशी महिला उ0नि0 मोनिका यादव द्वारा ली गयी तो उक्त महिला ने अपने कंधे पर डाले हुए बैंग से एक पन्नी निकालकर दी जिसमे स्मैक होना बताया। पन्नी को खोलकर देखा तो गुलाबी रंग का पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ जिसे कब्जे पुलिस मे लिया गया तथा उसी बैंग से एक पन्नी मे लिपटे हुए नोट की गड्डिया बरामद हुई नोटो की गिनती हमराहियो की मदद से की गयी तो 500 रूपये के 800 नोट व 200 रूपये के 993 नोट व 100 रूपये के 699 नोट , व 50 रूपये के 814 नोट व 20 रूपये के 200 नोट कुल 7,13,300 /- रूपये (सात लाख तैरह हजार तीन सौ रूपये मात्र / बरामद हुए। जिन्हे कब्जे पुलिस मे लिया गया। बरामदा स्मैक को मौके पर इलेक्ट्रोनिक तराजू से तौल की गयी तो कुल 260 ग्राम स्मैक बरामद हुई जिसमे से बतौर नमूना 5 ग्राम निकाल कर एक पन्नी मे रखकर व शेष 255 ग्राम स्मैक दूसरी पन्नी मे रखकर अलग-अलग सील सर्वे मोहर कर नमूना मोहर तैयार किया गया तथा बरामदा नोटो को प्लास्टिक के डिब्बे मे रखकर सील सर्वे मोहर कर नमूना मोहर तैयार किया गया। महिला अभियुक्त को उसके जुर्म अन्तर्गत धारा 8/21 N.D.P.S Act , अवगत कराते हुए समय करीब 06.35 बजे महिला उ0नि0 मोनिका यादव व महिला का0 3158 काजल कुमारी द्वारा हिरासत पुलिस मे लिया गया। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्ता साहिस्ता उर्फ साइस्ता पत्नी वाजिद उर्फ खन्ना नि0 ग्राम पढेरा थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 185/2021 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पताः-

1.साहिस्ता उर्फ साइस्ता पत्नी वाजिद उर्फ खन्ना नि0 ग्राम पढेरा थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली

थाना फरीदपुर पर पंजीकृत अभियोगों का विवरण-

1. **मु0अ0सं0 185/2021 धारा 8/21 N.D.P.S.Act**

बरामदगी का विवरण:-

1. **260 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 35 लाख रुपये)**
2. **स्मैक बिक्री से प्राप्त नकद धनराशि 7,13,300/- (7 लाख तैरह हजार तीन सो रुपये) रुपये**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1- SI श्री अमित कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
2-SI श्री नवीन कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली
3- SI श्रीमती मोनिका यादव थाना फरीदपुर जनपद बरेली
4-HC 550 सुधीर कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली
5- का0 3158 काजल कुमारी थाना फरीदपुर जनपद बरेली
6-का0 2066 अमित कुमार थाना फरीदपुर जि0बरेली
7- का0 1544 राहुल कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली
8-आ0 चा0 रामकुमार सिंह थाना फरीदपुर जि0 बरेली

(सुरेन्द्र सिंह पचौरी)
प्रभारी निरीक्षक
थाना फरीदपुर, बरेली।